>

Title: Impact of FDI in Retail Sector in the country.

श्री अनंत कुमार हेगड़े (उत्तर कन्नड़): महोदय, यूपीए सरकार रिटेल मार्केट में एफडीआई एलाऊ करने जा रही है। यह बहुत बड़ा विषय है। इसके बारे में कमेटी ऑफ सेक्रेट्रीज बनाकर, जैसी रिपोर्ट चाहिए हो, उस ढंग से रिपोर्ट मंगवाई भी गयी है। मुझे लगता है कि सरकार विदेशी पूंजी को भारत में लाने के लिए, खास करके खुदरा बाजार में, लगभग तय ही कर चुकी है। वह इतनी जल्दबाजी में इसे कर रही है। मुझे यह लगता है कि सरकार चाहे जो करे, वह अपने कृत्य के बारे में बहुत सुन्दर रूप से प्रस्तावना सदन के सामने और लोगों के सामने रखेगी कि अगर विदेशी पूंजी खुदरा बाजार में आती है, तो इतना लाभ होगा, यह लाभ होगा आदि। लेकिन उसकी जो असलियत है, उसके प्रतिकूल परिणाम क्या होंगे, उनके बारे में भी क्या सरकार ने नजर डाला है, मुझे इसके बारे में जानकारी चाहिए। यह करोड़ों लोगों का, करोड़ों किसानों, खासकर छोटे किसानों और छोटे दुकानदारों का सवाल है। इस देश में फूड-चेन को अगर विदेशी कंपनियों के हाथ में सौंप दिया जाएगा, तो आने वाले दिनों में इस देश को शायद भगवान ही बचा सकेगा। इस विषय को सरकार बहुत गंभीरता से ले। केवल शून्य काल में यह विषय उठाया गया है, इसी के साथ इसे समाप्त हुआ समझ लें, ऐसा नहीं होना चाहिए। इस विषय के बारे में सदन में विस्तृत चर्चा होनी चाहिए कि इस क्षेत्र में विदेशी पूंजी के आने से क्या विपरीत परिणाम होने वाले हैं। ...(व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): माननीय सदस्य बिल्कुल ठीक बोल रहे हैं। एफडीआई खुदरा मार्केट को खत्म कर रही है।...(व्यवधान)

श्री अनंत कुमार हेगड़े : महोदय, मैं चाहता हूं कि इसके बारे में सदन में पूरी चर्चा हो। वैसे इसके बारे में नियम 184 एवं नियम 193 के तहत भी मैंने नोटिस दे दिया है। इसके बारे में पूरी चर्चा हो।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : ठीक बात है। इसके बारे में पूरी चर्चा हो, हम आपका सपोर्ट करेंगे।

MR. CHAIRMAN : Dr. Tarun Mandal is associating with the issue raised by Shri Anant Kumar Hegde.